संख्या–1419/एक–10–2021–33(221)/2011 टीसी–3

प्रेषक,

रणवीर प्रसाद

सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी

बहराइच, मैनपुरी, मुजफ्फरनगर, सीतापुर तथा लखनऊ।

राजस्व अनुभाग-10 लखनऊः दिनांकः 01 अक्टूबर 2021

विषयः- **कोविड-19 के दृष्टिगत विभिन्न चिकित्सालयों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगाये जा रहे आक्सीजन प्लान्ट हेतु आवश्यक आधारभूत कार्यों-आक्सीजन गैस पाइप लाइन, जेनसेट एवं सिविल आदि कार्य के लिये स्टेट डिजास्टर रिस्पान्स फण्ड से धनावंटन विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कोविड-19 के दृष्टिगत विभिन्न चिकित्सालयों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगाये जा रहे आक्सीजन प्लान्ट हेतु आवश्यक आधारभूत कार्यों यथा-आक्सीजन गैस पाइप लाइन, जनसेट एवं सिविल आदि कार्य के लिये जनपदों/विभागों द्वारा स्टेट डिजास्टर रिस्पान्स फण्ड से निम्नानुसार धनराशि आवंटित करने का अनुरोध किया गया है:-

२- जिलाधिकारी बहराइच द्वारा पत्र संख्या १४६/आ0-१३-कोविड१९मांग/२०२१ दि0 २८.०७.२०२१ द्वारा कोविड-१९ की द्वितीय लहर से उत्पन्न स्थिति एवं संभावित तृतीय लहर के बचाव व रोकथाम हेतु जनपद के 04 सामु०स्वा० केन्द्रों पर स्थापित एवं स्थापित होने वाले आक्सीजन प्लान्ट के निर्बाध संचालन हेतु जनपद के चिकित्सा विभाग के सामान्य बजट में धनराशि उपलब्ध नही होने की स्थिति के दृष्टिगत 05 जनरेटर क्रय किये जाने हेतु राज्य आपदा मोचक निधि से **रू0 35,00,000-00 (पैंतीस लाख रू0 मात्र)** आवंटित करने का अनुरोध किया गया है।

३- जिलाधिकारी मैनपुरी द्वारा पत्र संख्या २०६७/एसीआर/वै0आ0/२०२१२२ दि0 १०.०८.२०२१ द्वारा अवगत कराया गया है कि कोविड़-19 से उत्पन्न स्थिति से निपटने के दृष्टिगत जनपद में निर्बाध आक्सीजन आपूर्ति व आॅक्सीजन पाइपलाइन की स्थापना के संबंध में दिनांक 08.08.2021 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साअधिकारी, अपर जिलाधिकारी एवं कोषाधिकारी, मैनपुरी प्रतिभाग किए। जनपद मैनपुरी में दो और ऑक्सीजन गैस प्लान्टों की स्थापना के फलस्वरूप ऑक्सीजन पाइप लाइन बिछाने आदि हेतु लगभग रू0 1,00,00,000,00 की और की आवश्यकता बताते हुए कोविड़-19 की तृतीय लहर के बचाव आदि के दृष्टिगत जनपद को मद-10 से रू0 1,00,00,000.00 (रू0 एक करोड़ रूपये) अतिशीघ्र आवंटित करने का अनुरोध किया गया है।

४- जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर द्वारा पत्र संख्या २६९/दै0आ0-कोविड१९/२०२१-२२ दि0 १४.०७.२०२१ द्वारा ने कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत मेडिकल ऑक्सीजन जेनरशन प्लान्ट के निर्बाध संचालन के लिए जनरेटर क्रय हेतु जनपदो में एसडी0आर0एफ0 (राज्य आपदा मोचक निधि) की धनराशि उपलब न हो तो ऐसी स्थिति में राजस्व विभाग से मांग किये जाने के निर्देश चिकित्सा विभाग द्वारा दिये गये है। तत्कम में मुख्य चिकित्साधिकारी मुजफ्फरनगर के पत्र दिनांक 13.07.2021 के द्वारा कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत मेडिकल ऑक्सीजन जनरेशन प्लान्ट के निर्बाध संचालन हेतु ऑक्सीजन प्लान्ट की क्षमता हेतु निम्नलिखित जनरेटर की आवश्यकतानुसार राज्य आपदा मोचक निधि से अंकन-59,00,000/- रूपये की

मांग की गयी है। साथ ही अवगत कराया गया है कि आपदा मोचक निधि में रूपये 53,54,036/- रूपये की धनराशि अवशेष है जिसमें से (PICU)/Covid-19 में क्रय की गयी सामग्री/उपकरण के बिलो का भुगतान किया जाना अवशेष है।

| क्र0 सं0 | स्थान | आॅक्सीजन प्लान्ट की क्षमता | जेनरेटर की आवश्यकता | प्राप्त कुटेशनों के आधार पर अनुमानित मांग हेतु धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला चिकित्सालय(पुरूष) | 1000 LPM | 250 KVA | 22,50,000/- |
| 2 | जिला महिला चिकित्सालय | 500 LPM | 125 KVA | 13,50,000/- |
| 3 | सी०एच०सी० बुढ़ाना | 333 LPM | 62.50 KVA | 9,50,000/- |
| 4 | सी०एच०सी० खतौली | 500 LPM | 125 KVA | 13,50,000/- |
| | | | योग | **59,00,000-00** |

जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी की मांग के क्रम में जनरेटर क्रय हेतु **रू0 59,00,000/-** (रू0 उनसठ लाख) आवंटित करने का अनुरोध किया गया है।

5- जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा पत्र संख्या ४९७/-१३-सीएफ-०५/२०२१-२२ दि0 १६.०८.२०२१ द्वारा अवगत कराया है कि चिकित्सा विभाग के शासनादेश संख्या-1270/पाँच-6-2021 दिनांक 07 जुलाई, 2021 के कम में राजस्व विभाग के शासनादेश दिनांक 17 अप्रैल, 2021 द्वारा गठित जिला स्तरीय समिति की आहूत बैठक दिनांक 13.08.2021 द्वारा राज्य आपदा मोचक निधि से जिला महिला चिकित्सालय सीतापुर में मेडिकल ऑक्सीजन पाइप लाइन सिस्टम की स्थापना हेतु मु. 36-77 लाख एवं जेम पोर्टल से 250 के.वी.ए. की क्षमता का एक जनरेटर कय/अधिष्ठापित किये जाने हेतु मु. 30.00 लाख कुल 66.77 लाख रूपये की अतिरिक्त धनराशि की मांग किये जाने की सहमति प्रदान की गई है। उक्त के आलोक में नोवल कोरोना वायरस से उत्पन्न स्थिति के दृष्टिगत जिला महिला चिकित्सालय, सीतापुर में मेडिकल ऑक्सीजन पाइप लाइन सिस्टम की स्थापना एवं जेम पोर्टल से 250 केवीए की क्षमता का एक जनरेटर क्रय/अधिष्ठापित किये जाने हेतु कुल **रू0 66.77 लाख** की धनराशि राज्य आपदा मोचक निधि से आवंटित करने का अनुरोध किया गया है।

6. जिलाधिकारी लखनऊ ने पत्र संख्या 1211/सीएसआर/आपदा/2021-22 दि0 01.09.2021 द्वारा जनपद के विभिन्न चिकित्सालयों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न स्रोतों से स्थापित किये जा रहे पी०एस०ए० ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट्स हेतु विभिन्न आधारभूत आवश्यक कार्य यथा सिविल कार्य (प्लेटफार्म एवं टिन शेड), विद्युत वायरिंग, बैकअप हेतु आटोकट साइलेंट जेनसेट एव ऑक्सीजन पाइपलाइन इत्यादि हेतु राज्य आपदा मोचक निधि से निम्नानुसार रु0 2,99,52,500/- की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुरोध किया गया है:

(धनराशि रू0 में)

| 0सं0 | कित्सालय का नाम | जन प्लान्ट हेतु श्रोत का विवरण | कार्य/व्यय धनराशि (रूपये में) | | | | राशि (अनुमानित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | न पाइप लाइन | ट साइलेंट जेनसेट (अनुमोदित) | ार्य (प्लेटफार्म एवं टिनशेड) (अनुमानित) | रिंग/आंतरिक विद्युतीकरण (अनुमानित) | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1 | रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय राजाजीपुरम, लखनऊ | राज्य आपदा मोचक निधि | 14,98,500 | 6,30,000 | 4,70,000 | 77,000 | 26,75,500 |
| 2 | राजकीय संयुक्त चिकित्सालय ठाकुरगंज, लखनऊ | राज्य आपदा मोचक निधि | 14,98,500 | 6,30,000 | 4,70,000 | 77,000 | 26,75,500 |
| 3 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिनहट, लखनऊ | राज्य आपदा मोचक निधि | 14,98,500 | 6,30,000 | 4,70,000 | 77,000 | 26,75,500 |
| 4 | 30 बेडेड एम0सी0एच0 विंग मलिहाबाद, लखनऊ | राज्य आपदा मोचक निधि | 14,98,500 | 6,30,000 | 4,70,000 | 77,000 | 26,75,500 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 30 बेडेड एम0सी0एच0 विंग मोहनलालगंज, लखनऊ | राज्य आपदा मोचक निधि | 14,98,500 | 6,30,000 | 4,70,000 | 77,000 | 26,75,500 |
| 6 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र माल, लखनऊ | मा0 सांसद / मा0 विधायक निधि | 14,98,500 | 6,30,000 | 4,70,000 | 77,000 | 26,75,500 |
| 7 | नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अलीगंज, लखनऊ | मा0 सांसद / मा0 विधायक निधि | 14,98,500 | 6,30,000 | 4,70,000 | 77,000 | 26,75,500 |
| 8 | नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेडक्रास, लखनऊ | मा0 सांसद / मा0 विधायक निधि | 14,98,500 | 6,30,000 | 4,70,000 | 77,000 | 26,75,500 |
| 9 | नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इन्दिरानगर, लखनऊ | मा0 सांसद / मा0 विधायक निधि | 14,98,500 | 6,30,000 | 4,70,000 | 77,000 | 26,75,500 |
| 10 | नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टुडियागंज, लखनऊ | मा0 सांसद / मा0 विधायक निधि | 14,98,500 | 6,30,000 | 4,70,000 | 77,000 | 26,75,500 |
| 11 | 50 बेडेड एम0सी0एच0 विंग गोसाईगंज, लखनऊ | कार्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी | 24,97,500 | — | 6,00,000 | 1,00,000 | 31,97,500 |
| **कुल योग** | | | **1,74,82,500** | **63,00,000** | **53,00,000** | **8,70,000** | **2,99,52,500** |

७. इस प्रकार आक्सीजन प्लान्टों/अस्पातालों हेतु जनरेटर के क्रय एवं आक्सीजन पाइपलाइन की स्थापना आदि से सम्बन्धित कार्यो के लिए जनपदों/विभागों द्वारा उपरोक्तानुसार राज्य आपदा मोचक निधि से मांगी गई धनराशि के सापेक्ष रू0 5,60,77,000/- (रू0 पांच करोड़ साठ लाख सतहत्तर हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन वित्तीय वर्ष 2021-22 में सम्बान्धित जनपदों के जिलाधिकारी के निवर्तन पर पर रखने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

(धनराशि रू0 लाख में)

| क्रम | जनपद | धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | बहराइच | 35.00 |
| 2 | मैनपुरी | 100.00 |
| 3 | मुजफ्फरनगर | 59.00 |
| 4 | सीतापुर | 66.77 |
| 5 | लखनऊ | 300.00 |
| | **योग** | **560.77** |

**(रू0 पांच करोड़ साठ लाख सतहत्तर हजार मात्र)**

(1) जिस मद में शासन द्वारा धनराशि स्वीकृत की जा रही है उसी मद में इस धनराशि का उपयोग किया जायेगा। अन्य किसी भी मद/विभागीय कार्य हेतु धनराशि का व्यय कदापि न किया जाये।

(2) राज्य आपदा मोचक निधि की धनराशि का व्यय सक्षम अधिकारी द्वारा वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने के उपरान्त नियमानुसार प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित अवधि के अन्दर किया जायेगा।

(3) समस्त धनराशि का उपभोग दिनांक 31.03.2022 से पूर्व कर लिया जायेगा। यदि धनराशि अवशेष बचती है तो नियमानुसार दिनांक 31.03.2022 के पूर्व समर्पित कर दी जायेगी।

(4) राज्य आपदा मोचक निधि से स्वीकृत धनराशि का जिला स्तर पर समुचित लेखा-जोखा रखा जाये तथा माह के अंत में जिलाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जायेगा और मदवार मासिक व्यय विवरण निर्धारित प्रारूप पर अगले माह की 05 तारीख तक उपलब्ध कराने के साथ ही उक्त तिथि तक इसे राहत आयुक्त की वेबसाइट https://rahat.up.nic.in पर फीड करवाना सुनिश्चित किया जाये।

(5) राज्य आपदा मोचक निधि से स्वीकृत धनराशियों के उपभोग/समर्पण के संबंध में शासनादेश सं0-2/1-11-2013-रा0-11, दिनांक 04.03.2013 का अनुपालन किया जायेगा।

(6) उक्त धनराशि का उपभोग प्रमाण-पत्र वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-5 भाग-1 के प्रस्तर-369-एच के अधीन निर्धारित प्रारूप सं0-42 आई में शासन को उपलबब्ध कराया जाये।

(7) व्यय की गयी धनराशि महालेखाकार कार्यालय में सही मदों में पुस्तांकन कराया जाये और प्रत्येक माह में महालेखाकार कार्यालय से आंकड़े समाधानित एवं सत्यापित कराकर शासन को सूचित किया जाये।

(8) अवध बिहार योजना लखनऊ में स्थित अवध शिल्पग्राम परिसर में स्थापित अटल बिहारी वाजपेयी, कोविड हॉस्पितल में दो नग, 500 के0वी0ए0 डीजी सेट की आपूर्ति एवं संस्थापन हेतु जिलाधिकारी लखनऊ के निवर्तन पर स्वीकृत धनराशि इस शर्त के साथ अनुमोदित किया गया है कि उक्त डीजी सेट का प्रयोग केवल हास्पिटल हेतु किया जाएगा तथा उसकी प्रविष्टि चिकित्सा विभाग के स्टाक में करा दी जाएगी।

८- उपरोक्तानुसार स्वीकृत धनराशि **रू0 5,60,77,000/- (रू0 पांच करोड़ साठ लाख सतहत्तर हजार मात्र)** वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक के अनुदान सं0-51 के अंतर्गत लेखाशीर्षक "2245-प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत-05-स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड-800-अन्य व्यय-06-स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय-१०-स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय-42-अन्य व्यय" के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

(रणवीर प्रसाद)
सचिव।

**संख्या- 1419 (1)/एक-10-2021-33(221)/2011 टीसी-३, तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार प्रथम/आडिट प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ,उ0प्र0 शासन ।
3- प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग ,उ0प्र0 शास।
4- स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
5- आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद्, उ0प्र0 लखनऊ।
6- सम्बन्धित मण्डलायुक्त।
7- वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, कार्यालय राहत आयुक्त संगठन, उ0प्र0।
8- नोडल अधिकारी, राजस्व अनुभाग-10 (बजट आवंटन),उ0प्र0 शासन।
9- सम्बन्धित जनपद के कोषाधिकारी/मुख्य कोषाधिकारी, उ0प्र0।
१०- अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण, लखनऊ।
1१- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5।
12- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(हरि प्रसाद सिंह)
अनु सचिव।

## Allotment Grid Report

**वित्तीय वर्ष:-2021-2022**
**आवंटन दिनांक-04/10/2021**

**प्रेषण संख्या:-** 1419
**आवंटन आदेश संख्या:-** 113-2021-2022
**अनुदान संख्या:-** 51 राजस्व विभाग (दैवी विपत्तियों के सम्बन्ध में राहत)(वित्तीय वर्ष 2021-2022 का आवंटन)
**लेखाशीर्षक:-** 2245 - प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत(आयोजनेत्तर-मतदेय)
05 - स्टेट डिजास्टर रेस्पान्स फण्ड
800 - अन्य व्यय
06 -
10 - स्टेट डिजास्टर रिस्पांश फण्ड से व्यय

**(धनराशि रु. में)**

| S.No. | अधिकारी/जनपद का नाम | | 42-अन्य व्यय | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुज़फ्फर नगर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 5900000<br>56900000 | 5900000<br>56900000 |
| 2 | मैनपुरी-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 10000000<br>31000000 | 10000000<br>31000000 |
| 3 | लखनऊ कलेक्ट्रेट -4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 30000000<br>140000000 | 30000000<br>140000000 |
| 4 | सीतापुर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 6677000<br>27677000 | 6677000<br>27677000 |
| 5 | बहराइच-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 3500000<br>24500000 | 3500000<br>24500000 |
| | योग | वर्तमान<br>प्रगामी | 56077000<br>280077000 | 56077000<br>280077000 |

**महायोग-** (वर्तमान आवंटन):- रूपया पाँच करोड़ साठ लाख सतहत्तर हजार
**महायोग-** (प्रगामी आवंटन):- रूपया अठाईस करोड़ सतहत्तर हजार

(अखिलेश प्रताप सिंह)
**वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी**

(अखिलेश प्रताप सिंह)
वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी
राहत आयुक्त कार्यालय
उ० प्र० शासन।